an>

Title: Need to extend the coverage of MGNREGA by linking it with Swachh Bharat Abhiyan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस विषय को ग्रामीण विकास मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने मनरेगा के बजट को बढ़ाकर एक अच्छा कार्य किया है। माननीय मंत्री जी से मेरी मांग है कि मनरेगा के कार्यक्षेत्र को बढ़ाते हुए इसमें स्वच्छ भारत मिशन अभियान को जोड़ा जाए, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एक महत्वपूर्ण योजना मानते हैं। मनरेगा में गांव की सड़कों, गली, नाली की सफाई को भी शामिल किया जाए जिससे शहर की तरह हर गांव भी साफ-सुथरा दिखाई दे। मनरेगा के द्वारा लोगों को सड़कों, गलियों और नालियों की सफाई के लिए वहीं मजदूरी दी जाए, जैसे मनरेगा में अन्य कार्यों के लिए दी जाती है इससे गांवों में सफाई के साथ-साथ लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। पूर्व में गांवों में सफाई करने वालों को प्रत्येक घर में रोटी एवं अनाज दिया जाता था। परंतु अब नगरपालिका क्षेत्रों में ज्यादा वेतन पाने वाले स्थाई रोजगार के कारण, सफाई करने वाले ग्रामों से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। पंचायतों की आय इतनी नहीं है कि वे सफाई कर्मचारी को स्थायी रूप से रख सकें। अतः मनरेगा के तहत अन्य कार्यों की तरह पंचायतों के तहत ग्रामों की सफाई की व्यवस्था करने से रोजगार भी बढ़ेगा।

HON. DEPUTY SPEAKER : SHRI C.R. CHAUDHARY and SHRI BHAIRON PRASAD MISHRA is permitted to associate with the issue raised by Shri SHRI SUKHBIR SINGH JAUNAPURIA.